Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 23 रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

कार और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत, कार सवार कोबरा बटालियन के 3 जवानों व ड्राइवर सहित 4 की मौत

कार हुआ बुरी तरह क्षतिग्रस्त, क्रेन की मद्द से मशक्कत के बाद निकाला गया शवों व घायलों को

खपरी बाईपास में हुआ भीषण सड़क हादसा, एक गंभीर

धमतरी, 14 फरवरी (हाईवे चैनल)। आज सुबह एक दर्दनांक सड़क दुर्घटना घटी। जिसमें मौके पर दो लोगों की मौत हो गई वहीं दो घायलों ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। इस दर्दनांक हादसे से लोग स्तब्ध है।

मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह खपरी बाईपास में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जगदलपुर सीआरपीएफ कोबरा बटालियन से चार जवान, एक ड्रायवर के साथ डिजायर कार में जगदलपुर से रायपुर जा रहे थे तभी खपरी बाईपास पर एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में मौके पर ही दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि दो घायलों ने अस्पताल लाने के बाद दम तोड़ दिया। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही वरदान परमार्थ एम्बुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान, डुमन साहू एवं हेमंत प्रधान मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम हेतु मरचुरी पहुंचाया गया। मिली जानकार के अनुसार मृतकों में हेडकांस्टेबल मुकेश कुमार, एसआई उमेन्द्र सिंह, कांस्टेबल राजकुमार गौड़ व ड्रायवर हीरालाल नागर शामिल है। जबकि अभिनय नायक नामक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल बताया जा रहा है।

दुर्घटना के पश्चात बायपास पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई आनन-फानन में अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची और बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार व फंसे शवो व घायल को बाहर निकालने का प्रयास शुरु हुआ। क्रेन की मद्द से मशक्कत के पश्चात शवो को बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि घायल की स्थिति गंभीर है जिसे बेहतर उपचार हेतु रिफर किया जा सकता है हादसे की सूचना के पश्चात महापौर रामू रोहरा व पुलिस विभाग के अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। साथ ही कोबरा बटालियन के अधिकारी भी जिला अस्पताल पहुंचे।

बोतल बम से जवानों को उड़ाने की साजिश नाकाम

डिफ्यूज किया गया

बीजापुर, 14 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिले के उसूर थाना क्षेत्र में केरिपु 196 वाहिनी और कोबरा 204 की संयुक्त टीम द्वारा ताड़पाला हिल्स एरिया में सघन नक्सल अभियान चलाया गया। कार्यवाही के दौरान माओवादियों के द्वारा 02 अलग-अलग स्थानों पर जमीन के भीतर प्लास्टिक ड्रम एवं पॉलिथिन में छिपाकर रखी गई विस्फोटक सामग्री, राशन एवं अन्य माओवादी सामग्री को सुरक्षा बलों द्वारा बरामद किया गया। बरामद सामग्री में डेटोनेटर- 13 नग, गन पावडर- 11 किलोग्राम, प्लास्टिक ड्रम- 04 नग, स्टील ड्रम- 02 नग, लोहे का ड्रम- 02 नग, माओवादी वर्दी, जूते, कैप, डोरी, यूएसबी केबल, सोलर प्लेट एवं अन्य माओवादी साहित्य शामिल है। एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाईनिंग कार्यवाही के दौरान माओवादियों द्वारा जमीन में लगाकर रखे गये 13 नग बीयर बॉटल में प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाए गये थे। 01 डायरेक्शन आईईडी (लोहे के पाइप में निर्मित) मौके से बरामद किए गए। बरामद सभी आईईडी को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मौके पर ही सुरक्षित रूप से निष्क्रिय/नष्ट किया गया। इस अभियान के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा टेकमेटला कुंजामपारा क्षेत्र में निर्मित माओवादी स्मारक को भी ध्वस्त किया गया।

ब्रेकिंग न्यूज

अमेरिका पढ़ने गया भारतीय छात्र अचानक लापता

नई दिल्ली, 14 फरवरी (न्यूज चैनल)। अमेरिका से भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंताजनक खबर सामने आई है। कर्नाटक के रहने वाले और University of California, Berkeley में पोस्ट-ग्रेजुएट की पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया लापता हो गए हैं। इस मामले पर Consulate General of India, San Francisco ने गहरी चिंता जताई है। दूतावास ने बताया कि वह छात्र के माता-पिता के संपर्क में है और स्थानीय अमेरिकी अधिकारियों के साथ मिलकर साकेत की तलाश में जुटा हुआ है।

फ्लाइट में बम की धमकी, टॉयलेट में मिले नोट से मचा हड़कंप

नई दिल्ली, 14 फरवरी (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह इंडिगो की एक फ्लाइट में बम की आशंका जताई गई, जिसके बाद यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इंडिगो की फ्लाइट 6ध-7304 कोलकाता से मेघालय के शिलांग जा रही थी और इसे सुबह 9.15 बजे रवाना होना था। एक प्रेस विज्ञप्ति में अधिकारियों ने बताया कि विमान के शौचालय के अंदर चालक दल के सदस्यों को एक पत्र मिला, जिसके कारण बम की आशंका पैदा हुई। उन्होंने बताया कि यात्रियों के विमान में चढ़ने के दौरान यह पत्र बरामद हुआ। सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अधिकारियों द्वारा तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

एयर इंडिया को बिना परमिट उड़ान भरने पर लगा 1 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, 14 फरवरी (न्यूज चैनल)। जुर्माना एयरबस ए320 विमान से संबंधित है, जिसने 24 और 25 नवंबर को दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद के बीच कई मार्गों पर अनिवार्य एयरवर्थनेस रिव्यू सर्टिफिकेट (एआरसी) के बिना यात्रियों को यात्रा कराई। एआरसी नियामक द्वारा विमान के सुरक्षा और अनुपालन जांच उत्तीर्ण करने के बाद प्रतिवर्ष जारी किया जाता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया पर वैध एयरवर्थनेस परमिट के बिना आठ बार एयरबस विमान उड़ाने के लिए 110,350 अमेरिकी डॉलर (लगभग 1 करोड़ रुपये) का जुर्माना लगाया है।

चूहा- सुनती हो, नया प्रधानमंत्री कार्यालय अब सेवातीर्थ के नाम से जाना जाएगा।

चुहिया- हां जी, जनता को गंगा स्नान यहीं कराया जाएगा।

जेल से बाहर आते ही वारदात, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की हत्या कर आरोपी ने लगाई फांसी

बालोद, 14 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां आज दोपहर दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद रहा विचाराधीन कैदी जमानत पर छूटने के बाद सीधे आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचा और वहां कार्यरत 54 वर्षीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उगेश्वरी देवांगन की धारदार हथियार से हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने उसी आंगनबाड़ी केंद्र में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूरा मामला देवरी थाना क्षेत्र के फरदफोड़ गांव का है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी लखन देवांगन (57 वर्ष) फरदफोड़ का ही निवासी था। वह दोपहर के समय आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचा। उसने पहले वहां मौजूद बच्चों को बाहर जाने को कहा और सहायिका को भी केंद्र से बाहर कर दिया। इसके बाद अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। बताया जा रहा है कि उसने उगेश्वरी देवांगन पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद लखन देवांगन ने आंगनबाड़ी केंद्र के भीतर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही देवरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। दोनों मृतक एक ही गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना के बाद गांव में दहशत और शोक का माहौल है। देवरी थाना प्रभारी राकेश ठाकुर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

असम में पीएम मोदी ने ब्रह्मपुत्र पर 6-लेन पुल का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, 14 फरवरी (न्यूज चैनल)। असम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया। यह पुल गुवाहाटी को नॉर्थ गुवाहाटी से जोड़ता है और पूर्वोत्तर भारत का पहला एक्सट्राडोज्ड पुल है। यह 6-लेन का आधुनिक पुल करीब 3,030 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। इसके बनने से गुवाहाटी और नॉर्थ गुवाहाटी के बीच यात्रा समय घटकर सिर्फ 7 मिनट रह जाएगा, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर असम के डिब्रूगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने मोरान बाईपास पर नए बने इमरजेंसी लैंडिंग सुविधा पर उतरकर एक नया इतिहास रच दिया। यह देश में पहली बार है जब पीएम का विमान किसी नेशनल हाईवे पर लैंड हुआ है। सैन्य एवं राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण यह रनवे युद्ध और प्राकृतिक आपदा जैसी स्थितियों में भारतीय वायुसेना के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। दौरे के अगले चरण में प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया। लगभग 3,030 करोड़ की लागत से तैयार यह 6-लेन पुल पूर्वोत्तर का पहला E&tradosed पुल है। इस इंजीनियरिंग चमत्कार की बदौलत गुवाहाटी और उत्तर गुवाहाटी के बीच घंटों का सफर अब महज 7 मिनट में पूरा हो सकेगा। भूकंपरोधी तकनीक और रियल-टाइम हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस यह पुल क्षेत्र की लाइफलाइन बनेगा।

असम को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी मजबूती देते हुए पीएम ने IIM गुवाहाटी के स्थायी परिसर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही कामरूप जिले के अमीनगांव में National Data Center का भी शुभारंभ किया गया।

जयपुर के चाकसू में भीषण सड़क हादसा, महिला समेत पांच की मौत

नई दिल्ली, 14 फरवरी (न्यूज चैनल)। जयपुर की सीमा से लगे चाकसू इलाके में शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे (एनएच-52) पर टिगरिया मोड़ के पास सुबह करीब साढ़े पांच बजे तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी। इस हादसे में एक महिला समेत पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि कार चला रहे ड्राइवर को झपकी आ गई थी, जिस वजह से यह टक्कर हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठे लोग बुरी तरह फंस गए।

चाकसू थाना एसएचओ मनोहर लाल मेघवाल ने बताया कि कार में सवार सभी लोग मध्य प्रदेश से जयपुर आ रहे थे। हादसे में महिला सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सभी जबलपुर के निवासी थे और महाकाल दर्शन के बाद खाटू श्याम जा रहे थे। पुलिस ने सभी शवों को चाकसू उपजिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। मृतकों की पहचान उनके परिजनों के आने के बाद की जाएगी और फिर पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

पुलवामा के बलिदानियों को देश ने किया नमन

पीएम मोदी, सी.पी. राधाकृष्णन एवं राहुल गांधी, राज्यपाल मनोज सिन्हा ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 14 फरवरी (न्यूज चैनल)। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पुलवामा में 2019 में आज ही के दिन आतंकवादी हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराज्यपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''2019 में पुलवामा के उस भयानक आतंकवादी हमले में बलिदान देने वाले वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि। देश के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, बहादुरी और निस्वार्थ सेवा हमेशा हर नागरिक को प्रेरित करती रहेगी।''

एक आत्मघाती हमलावर ने 14 फरवरी 2019 को विस्फोटकों से लदे वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को टक्कर मार दी थी जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। कुछ दिनों बाद भारत ने जवाबी हमला किया जिसे 'बालाकोट एयरस्ट्राइक' के नाम से जाना जाता है। पुलवामा आतंकी हमला भारत के इतिहास की सबसे दर्दनाक और वीभत्स घटनाओं में से एक है।

यह धमाका इतना शक्तिशाली था कि बस के परखच्चे उड़ गए और इसकी आवाज़ कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई। पीएम मोदी, अमित शाह से लेकर राहुल गांधी तक, इन नेताओं ने बलिदानी वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने 2019 के पुलवामा हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि दी। तीनों नेताओं ने बलिदानी वीर जवानों के अदम्य साहस को याद किया।

6 नक्सल प्रतीकों को सुरक्षाबलों ने किया ध्वस्त

बीजापुर, 14 फरवरी (हाईवे चैनल)। नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों कार्रवाई जारी है. इसी कड़ी में बीजापुर के थाना मोदकपाल और थाना उसूर के इलाकों में दो अहम कार्रवाई की गई है. मोदकपाल और सीआरपीएफ जवानों की संयुक्त टीम ने शनिवार को कार्रवाई में 6 माओवादी स्मारक को धवस्त किया गया है. इससे पहले शुक्रवार ताड़पाला हिल्स एरिया में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए विस्फोटक सामाग्री को बरामद किया है.

वेलेंटाइन डे पर कपल्स को हुई परेशानी, तो पुलिस लेगी एक्शन, चप्पे-चप्पे पर जवानों की तैनाती

रायपुर, 14 फरवरी (हाईवे चैनल)। वेलेंटाइन डे पर सुरक्षा के मद्देनजर रायपुर कमिश्नरेट में पुलिसकर्मियों की पार्क, मॉल जैसे सार्वजनिक स्थानों पर तैनाती की गई है. पुरुष के साथ महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे. इन जगहों पर कानून को हाथ में लेने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के रायपुर कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने निर्देश दिए हैं.

अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ वैलेंटाइन डे पर आज कहीं घूमने जा रहे हैं, तो आपकी सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे. पिछले साल 24 दिसंबर को क्रिसमस के दौरान मैगनेटो मॉल में हुए उत्पात को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है. शहर के ऊर्जा पार्क, मैगनेटो मॉल, जोरा मॉल, सिटी सेंटर मॉल, गांधी उद्यान गार्डन, मोतीबाग गार्डन, कलेक्ट्रेट गार्डन, निगम गार्डन और राम मंदिर जैसे स्थानों पर सुरक्षा के लिए पुलिस मौके पर मौजूद रहेगी. वैलेंटाइनस डे को लेकर कमिश्नरेट रायपुर में पुलिस हाई अलर्ट पर रहेगी. शहर के दर्जनभर से अधिक संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, जिनमें प्रमुख मंदिर, पार्क, गार्डन और अन्य सार्वजनिक स्थल शामिल हैं. पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि असामाजिक तत्वों, मनचले युवकों और हुड़दंगियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि अगर किसी संगठन या समूह द्वारा युवक-युवतियों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है, तो उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

मुंबई में बड़ा हादसा, भरभराकर गिरा निर्माणाधीन मेट्रो का पिलर; कई घायल

नई दिल्ली, 14 फरवरी (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मेट्रो का पिलर गिरने से भयानक हादसा हो गया। घटना मुलुंड की है। जहां अचानक भरभराकर मेट्रो का पिलर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मुलुंड पश्चिम में निर्माणाधीन मेट्रो पिलर का सीमेंट का हिस्सा नीचे से गुजर रहे ऑटो रिक्शा पर गिरा, जिससे कई लोग बुरी तरह जख्मी हो गए।

घटना के बारे में बीएमसी ने बताया कि आज (शनिवार) दोपहर 12.20 बजे जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी, LBS रोड, मुलुंड (पश्चिम) के पास मेट्रो पिलर का एक हिस्सा गिर गया। निर्माण के दौरान सीमेंट मेट्रो पिलर का एक हिस्सा टूटकर एक रिक्शा पर गिर गया। हादसे के तुरंत बाद मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, मेट्रो स्टाफ, वार्ड स्टाफ और 108 एम्बुलेंस सेवा मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया। ऑटो रिक्शा में 3-4 लोगों के घायल होने की आशंका है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि निर्माणाधीन मेट्रो रेल मार्ग के एक खंभे का हिस्सा गिरने से तीन से चार लोगों के घायल होने की आशंका है। उन्होंने आगे कहा कि पिलर के सीमेंट का स्लैब टूटकर नीचे खड़े एक ऑटो रिक्शा पर गिर गया, जिससे ऑटो रिक्शा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। तीन से चार लोगों के घायल होने की आशंका है। वहीं इस एक कार भी इसके चपेट में आ गई। वहीं हादसे के बाद पुलिस ने इलाके को घेरकर ट्रैफिक डायवर्ट किया। साथ ही पिलर का मलबा हटाने का काम भी शुरू किया जा चुका है।